भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1168
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

ब्लॉक स्तर पर मॉडल स्कूलों की स्थापना किया जाना

1168. श्री उपेन्द्र कुशवाहाः

डा॰ के॰ पी॰ रामालिंगमः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रामीण आबादी के लाभार्थ ब्लॉक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा किये गय उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ब्लॉक स्तर पर सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रणाली के अंतर्गत मॉडल स्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) से (ग) : उत्कृष्टता मानक के रूप में प्रति ब्लॉक एक स्कूल की दर से ब्लॉक स्तर पर 6000 वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल विद्यालय स्थापित करने संबंधी केन्द्रीय प्रायोजित मॉडल स्कूल योजना नवम्बर, 2008 में शुरू की गई थी। इनमें से 3500 विद्यालय राज्य/रांघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में केन्द्रीय विद्यालय की तर्ज पर स्थापित किए जाएंगे और शेष 2500 विद्यालय उन ब्लॉकों जो शैक्षिक रूप से पिछड़े नहीं है, में सार्वजनिक निजी भागीदारी पद्धति के तहत खोले जाएंगे। इस समय केवल राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के तहत 3500 मॉडल विद्यालय खोले जाने से संबंधित घटक के बारे में ही कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक निजी भागीदारी पद्धति का घटक 12 वीं पंचवर्षीय योजना से आरंभ किया जाएगा।

***